an>

Title: Need to provide toilet facilites along National Highways in the country.

श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) ः देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालयों के निर्माण की वृहद योजना घोषित की गई है। मुझे प्रसन्नता है कि इस योजना के तहत दूरस्थ ग्रामीण अंचलों को भी शामिल किया गया है। लेकिन एक क्षेत्र नज़र से अछूता रह गया है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया जा रहा है और उसका विस्तार भी हो रहा है, परन्तु इन मार्गों के किनारे शौचालयों के निर्माण की व्यवस्था में चूक हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले यात्रियों को इन शौचालयों का अभाव बहुत अखरता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे कम से कम प्रत्येक 30-40 किलोमीटर पर एक शौचालय के निर्माण की व्यवस्था की स्वीकृति दी जाये तथा देश में स्वच्छ भारत के प्रति आम आदमी के रूख में बदलाव पैदा करने के साथ वर्तमान असुविधा को भी दूर किया जाये।